आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–28 मार्च 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने चालीस एकड़ में फैले रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण सुविधा केंद्र की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि यह विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत अभियान का एक नया अध्याय है।

यहां से दुनिया के लिए विमान तो उड़ेंगे ही साथ ही एक विकसित उत्तर प्रदेश की उड़ान का भी प्रतीक बनेगा। मैं उत्तर प्रदेश को विशेष रूप से पश्चिम उत्तर प्रदेश की जनता को इस भव्य एयरपोर्ट के लिए बहुत–बहुत बधाई देता हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब भारत में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाले राज्यों में से एक के रूप में उभरा है।

नोएडा का यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, गाजियाबाद इस पूरे क्षेत्र को बहुत बड़ा लाभ होने वाला है। ये एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों, छोटे और लघु उद्योगों, यहां के नौजवानों के लिए अनेक नए अवसर लेकर आने वाला है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में संपर्क के विस्तार के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगे।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजनाओं में से एक है। इसके पहले चरण को सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत लगभग 11 हजार 200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया गया है। प्रारंभिक चरण में इसकी यात्री संचालन क्षमता प्रति वर्ष एक करोड़ 20 लाख यात्रियों की होगी, और पूर्ण विकास होने पर इसे प्रति वर्ष 7 करोड़ यात्रियों तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के उज्जवल भविष्य का लांच पैड भी बनेगा।

इसका रनवे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई तक ले जाने का आधार बनेगा। जहां एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के उज्जवल भविष्य का लांच पैड भी बनेगा। जो उत्तर भारत के निवेश, व्यापार और औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई तक पहुंचाते हुए व्यापक रोजगार का सृजन भी करेगा।

नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने कहा कि यहां पर उत्तर प्रदेश की शान और पहचान का अनुभव मिलेगा। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, दोनो उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, बृजेश कुमार पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल, दिन में ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित होगा।

****

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली को पिछले साल हुए जेन–जी के विरोध प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली नवगठित सरकार की तरफ से पिछले साल जेन–जी के विरोध प्रदर्शनों पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने के एक दिन बाद हुई है।

****

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने यूपीटीईटी–2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया कल से शुरू कर दी। आयोग के उपसचिव की ओर से जारी सूचना के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गयी है। आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि में सुधार के लिए एक मई तक का समय दिया गया है।

****

आईपीएल क्रिकेट का 19वां संस्करण आज शाम बेंगलुरु में शुरू होगा। उद्घाटन मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। दो महीने तक चलने वाला यह टूर्नामेंट 31 मई तक चलेगा। चेन्नई सुपर किंग्स के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी पैर की चोट के कारण लीग के पहले दो सप्ताह के मैचों में नहीं खेल पाएंगे।

****

पिछले दो दिनों में प्रदेश के कुछ जिलों में तेज हवाओं के बीच बेमौसम बारिश हुई है। कल देर रात सुल्तानपुर, रायबरेली और अमेठी में बारिश के बीच ओल गिरे तो वहीं प्रयागराज और वाराणसी में भी बारिश हुई। आज सुबह गोरखपुर सहित पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ी। मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के पूर्वी और पश्चिमी हिस्से के कई जिलों में अगले दो दिन तक तेज हवाओं के चलने और गरज–चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हुई असमय बारिश से हुई फसलों की क्षति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

****